सीआईपी, रांची, आईआईएम के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

रांची। सीआईपी, रांची और आईआईएम रांची के बीच आईआईएम, रांची परिसर में नैदानिक और परामर्श सेवाओं का विस्तार और जनशक्ति के पारस्परिक आदान-प्रदान की सुविधा के लिए तथा प्रबंधन और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोगी अनुसंधान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस पर सी. आई. पी. रांची के निदेशक डॉ बासुदेब दास और आई आई एम रांची के निदेशक डॉ दीपक कुमार श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। आईआईएम के मानव संपर्क कार्यक्रम के एसोसिएट प्रोफेसर और नोडल अधिकारी डॉ. तनुश्री दत्ता और डॉ. निशांत गोयल, प्राचार्य, सीआईपी के सहयोग से इस एमओयू के द्वारा सेवाओं और शोध का समन्वय करेंगे। यह समझौता ज्ञापन प्रबंधन प्रशिक्षण और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक नए जुड़ाव को जोड़ने में मदद करेगा और यह देश में एक अनूठी पहल है। इस अवसर पर डॉ दीपांजन भट्टाचार्जी, डॉ अविनाश शर्मा, डॉ मधुमिता और डॉ नरेंद्र मौजूद थे।

Rashitra Vaibhav, 21.02.2023